# डेली संवाद

संपादक- अशोक सिंह भारत • जालंधर, 2 जून, 2020 dailysamvad.com Email:dailysamvad@gmail.com




## एक नजर

### पत्नी को बेचने के लिए सोशल मीडिया पर डाल दी पोस्ट

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में एक विचित्र घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति ने अपनी ससुराल वालों द्वारा मोटरसाइकिल की मांग पूरी नहीं किए जाने पर अपनी पत्नी को ही सोशल मीडिया पर बेचने के लिए डाल दिया। इस शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना मेहनगर पुलिस सर्कल के तहत ढुठिया गांव में हुई, जहां आरोपी पुनीत कथित तौर पर अपनी पत्नी को मोटरसाइकिल के लिए परेशान कर रहा था और अक्सर उसकी पिटाई करता था। लिहाजा वह महिला अपने माता-पिता के घर लौट आई, जो कोतवाली पुलिस के इलाके में आता है। इसके बाद नाराज पति ने पत्नी के फोन नंबर के साथ अपनी पत्नी की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी और लोगों से उससे बात करने और उसके साथ संबंध बनाने के लिए पैसे देने की बात कही।

### मां खुद की रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद भी कोरोना संक्रमित बेटे के साथ हुई आइसोलेट

**मिर्जापुर।** मां की ममता का जीता जागता उदाहरण मिर्जापुर जिले में देखने को मिला। यहां कोरोना संक्रमित महिला अपनी रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद भी आइसोलेशन वार्ड में भर्ती है। क्योंकि उसके बेटे की रिपोर्ट आनी अभी बाकी है। महिला ने अपने पुत्र के साथ तब तक आइसोलेशन वार्ड में रहने का फैसला किया है, जब तक उसके पुत्र की रिपोर्ट नहीं आ जाती। मां, पुत्र की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। 7 मई को मुंबई से लौटी मिर्जापुर के कछवा निवासी एक महिला कोरोना संक्रमित हुई। जिसके बाद उसके परिवार के 11 लोग कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए।

## देश में 2 लाख के करीब पहुंची संक्रमितों की संख्या, अबतक 5,598 लोगों की मौत

**डेली संवाद, नयी दिल्ली**

देश में कोविड-19 संक्रमण से 204 लोगों की मृत्यु के साथ ही इस घातक वायरस की चपेट में आने से देश भर में अब तक 5,598 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं संक्रमण के 8,171 नए मामले सामने आए हैं जिससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1,98,706 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में अब 97,581 मरीजों का उपचार चल रहा है जबकि अब तक 95,526 लोग स्वस्थ हो चुके हैं।

भारत में पिछले 24 घंटों में 8,171 नए मामले सामने आए हैं और 204 मौतें हुई हैं। देश में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या अब 1,98,706 हो गई है, इसमें 97,581 सक्रिय मामले, 95,526 ठीक / छुट्टी / माइग्रेट और 5,598 मौतें शामिल हैं- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि करीब 48.07 फीसदी मरीज स्वस्थ हुए हैं। सोमवार सुबह से अब तक 204 लोगों की मौत हुई है जिनमें से सबसे ज्यादा 76 मौतें महाराष्ट्र में हुई। इसके बाद दिल्ली में 50, गुजरात में 25, तमिलनाडु में 11 लोगों की मौत हुई। पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में आठ-आठ लोगों की मौत हुई। इसके अलावा तेलंगाना में छह, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में चार-चार तथा बिहार और जम्मू-कश्मीर में तीन-तीन, आंध्र प्रदेश में दो और हरियाणा, कर्नाटक, केरल और उत्तराखंड में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। महाराष्ट्र में अब तक 2,362 लोगों की मौत हो चुकी है और यह राज्य मृतकों की सूची में शीर्ष पर है। इसके बाद गुजरात में 1,063, दिल्ली में 523, मध्य प्रदेश में 358 और पश्चिम बंगाल में 335 लोगों की मौत हुई। उत्तर प्रदेश में अब तक 217 लोगों की मौत हुई है। राजस्थान में 198, तमिलनाडु में 184, तेलंगाना में 88, आंध्र प्रदेश में 64, कर्नाटक में 52, पंजाब में 45, जम्मू-कश्मीर में 31 और बिहार में 24 लोगों की मौत हुई है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार हरियाणा में 21, केरल में 10 और ओडिशा में सात लोगों की मौत इस खतरनाक वायरस से हो चुकी है। उत्तराखंड में छह और हिमाचल प्रदेश तथा झारखंड में पांच-पांच, चंडीगढ़ और असम में चार-चार, मेघालय और छत्तीसगढ़ में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। वहीं मृतकों में 70 फीसदी ऐसे लोग हैं जो पहले से ही अन्य बीमारियों के शिकार थे।

### जालंधर के लवली सेनीटेशन के मालिक समेत 10 की रिपोर्ट पाजीटिव

**डेली संवाद, जालंधर**

जालंधर में कोरोना के मंगलवार को दस नए मामले सामने आए हैं। जिले में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या अब 265 हो गई है। इन नए मामलों में छह पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। सात लोग इसमें एक ही परिवार के सदस्य हैं। तीन लोग कर्मचारी हैं। जानकारी के मुताबिक लवली सैनीटेशन के मालिक विशाल अग्रवाल कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। डिफैंस कालोनी स्थित उनके घर के 9 अन्य को भी कोरोना होने की पुष्टि हुई है। 7 परिवार के सदस्य और 3 उनके नौकर हैं। जालन्धर में अब कोरोना के कुल मरीजों की गिनती 262 पहुंच गई है। सेहत विभाग के जानकारों के मुताबिक सोमवार दोपहर बाद अग्रवाल परिवार और घर के नौकरों समेत 14 लोगों के सैंपल टेस्ट के लिए भेजे गए थे। हालांकि मामला एक पॉश इलाके के कारोबारी परिवार से जुड़ा था इसलिए परिवार के कहने पर सैंपल अमृतसर की तुली लैब में टेस्ट हुए।

### BBMB ने विद्युत उत्पादन लक्ष्य को पीछे छोड़ा

**चण्डीगढ़ :** भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड ने केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 (31 मई 2020 तक) के लिए निर्धारित 1447 मिलियन यूनिट के विद्युत उत्पादन लक्ष्य को पीछे छोड़ते हुए 2065.44 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया जो लक्ष्य से 42.74 प्रतिशत अधिक है। यह जलाशयों के विवेकपूर्ण संचालन के साथ-साथ उत्पादन इकाइयों के कुशल परिचालन और अनुरक्षण के साथ उच्च संयंत्र उपलब्धता के कारण संभव हो पाया है। 1 अप्रैल, 2020 से 31 मई 2020 तक बीबीएमबी की उत्पादन इकाइयों के मशीनों की उपलब्धता 99.66 प्रतिशत रही तथा उक्त अवधि में पारेषण उपलब्धता 99.81% रही।

## भाजपा ने दिल्ली के अध्यक्ष मनोज तिवारी को पद से हटाया, आदेश गुप्ता को कमान

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के अध्यक्ष मनोज तिवारी को पद से हटा दिया है। उनकी जगह आदेश गुप्ता दिल्ली भाजपा प्रदेश के नए अध्यक्ष बनाए गए हैं। दिल्ली चुनाव के बाद सियासी गलियारे में यह कयास लगाया जा रहा था कि मनोज तिवारी का अध्यक्ष पद से हटना तय है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद चर्चा तेज हो गई थी कि प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष मनोज तिवारी को बदला जा रहा है। उनका कार्यकाल पिछले साल ही खत्म हो चला था। लेकिन विधानसभा चुनाव को देखते हुए दिल्ली संगठन में कोई बदलाव नहीं किया गया था। भोजपुरी कलाकार, मशहूर गायक, दो बार से लगातार सांसद और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष मनोज तिवारी को लेकर दिल्ली के राजनैतिक गलियारों में खूब चर्चा रही। भाजपा ने यह फैसला कोरोना संकट के दौरान लिया है।

## गुवाहाटी में भारी बारिश से भूस्खलन, घरों में सो रहे 20 लोग हुए जिंदा दफन

**डेली संवाद, गुवाहाटी**

असम की राजधानी गुवाहाटी में लगातार जारी भारी बारिश से दर्दनाक हादसे की खबर है। जानकारी के मुताबिक, बारिश के बीच हुए भूस्खलन की चपेट में आकर 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। घटना के वक्त ये लोग अपने घरों में सो रहे थे, जिससे इन्हें संभलने तक का वक्त नहीं मिला। हादसे में मरने वालों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। दक्षिणी असम के तीन जिलों में मंगलवार सुबह हुई इन घटनाओं नौ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।




इस दर्दनाक घटना में कई लोग ऐसे हैं जो एक ही परिवार के हैं। घटना तड़के हुई और उस दौरान लोग अपने घरों में सो रहे थे। भूस्खलन होने के दौरान वे भाग भी नहीं सके। लोगों के पूरे घर तबाह हो गए और पूरा परिवार मौके पर ही खत्म हो गया।

## मातम में बदली खुशियां, बहन की शादी से पहले भाई समेत चार युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**डेली संवाद, बटाला**

बीती रात डेरा बाबा नानक से बटाला रोड पर पड़ते गांव ढिलवां में हुए भयानक सड़क हादसे में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बीती रात करीब साढ़े 10 बजे हुआ। दो युवक दिलराज, जश्नप्रीत ने मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लवली ने सिविल अस्पताल तथा अर्शदीप सिंह ने अमृतसर के गुरू नानक देव अस्पताल में दम तोड़ा। चारों मृतक युवक 18 से 20 साल के बीच के है। पुलिस ने बताया कि जश्नप्रीत सिंह की बहन की 3 जून को शादी है। इसी संबंध में जश्नप्रीत अपने



रिश्तेदार अर्शदीप सिंह, लवली और दिलराज एक कार में सवार होकर सोमवार की रात को शादी की शॉपिंग करके वापस लौट रहे थे। इसी दौरान जब उक्त चारों कार सवार युवक गांव ढिलवा के पास पहुंचे तो रात के अंधेरे में आगे जा रहे एक मोटरसाइकिल सवार को बचाने के चक्कर में कार का संतुलन बिगड़ गया और कार सीधा एक पेड़ से टकराई। पेड़ से टकराने के बाद कार एक भट्ठे में जा धंसी। मृतकों में दो सेना के जवान शामिल है, जो विवाह समागम मे शामिल होने के लिए छुट्टी पर आए थे।

### क्रिस गेल का खुलासा, नस्लभेद सिर्फ फुटबाल में ही नहीं, क्रिकेट में भी है

**नई दिल्ली :** वेस्टइंडीज के क्रिकेट खिलाड़ी क्रिस गेल ने सोमवार को कहा कि नस्लभेद सिर्फ फुटबाल में नहीं है बल्कि क्रिकेट में भी है। गेल ने यह बात अमेरिका में अश्वेत शख्स जॉर्ज फ्लॉयड की पुलिस हिरासत में हुई मौत के बाद हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच कही है। गेल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, ÷अश्वेत लोगों की जिंदगी भी दूसरों की जिंदगी की तरह मयाने रखती है। अश्वेत लोग मायने रखते हैं (ब्लैक लाइव्स मैटर)। नस्लभेदी लोग भाड़ में जाएं। उन्होंने कहा, मैंने पूरा विश्व घूमा है और नस्लभेदी बातें सुनी हैं क्योंकि मैं अश्वेत हूं।

### जेसिका लाल हत्याकांड का दोषी मनु शर्मा जेल से रिहा

**नई दिल्ली:** देश की राजधानी दिल्ली के एक बार में हुए जेसिका लाल हत्याकांड में दोषी मनु शर्मा को आज तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। ये रिहाई समय से पूर्व हुई है। उपराज्यपाल अनिल बैजल ने मनु समेत 18 अन्य कैदियों को समय से पहले रिहाई वाले आदेश को मंजूरी दे दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मनु को अच्छे चाल-चलन के कारण आजीवन कारावास की सजा पूरी होने से पहले ही रिहा करने का फैसला किया गया। जेसिका की हत्या अप्रैल 1999 को हुई?थी। दिसंबर 2006 को दिल्ली हाई कोर्ट ने मनु शर्मा को मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

## गैस सिलेंडर में ब्लास्ट से घर में लगी आग



**चंडीगढ़ :** आज सेक्टर-37 के एक मकान नंबर 1072 में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाडियों ने तुरंत आग पर काबू पाया। इस घटना में मकान मालिक की बाजू पर चोट आई है और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक यह घटना दोपहर करीब 12 बजे घटी। घर के बैकयार्ड में बने एक टेंपरेरी स्ट्रक्चर के स्टोर में रखे गैस सिलेंडर में अचानक बलास्ट हो गया। स्टोर में कुछ पैकिंग मटीरियल और घर का सामान रखा था जो नष्ट हो गया है। आग बुझाने के लिए सेक्टर-38 से दो और सेक्टर-17 के फायर स्टेशन से एक गाड़ी पहुंची। आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## डोनाल्ड ट्रंप पर भड़के ह्यूस्टन पुलिस चीफ, कहा- राष्ट्रपति अपना मुंह बंद रखें


**डेली संवाद, वाशिंगटन**

अमेरिका में अश्वेत नागरिक जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद यहां हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। वाशिंगटन, लॉस एंजेलिस समेत देश के कई बड़े शहरों में प्रदर्शनकारियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बीच ह्यूस्टन पुलिस के चीफ का एक बयान सामने आया है। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सीधे कहा है कि अगर उनके पास कुछ सही बोलने के लिए नहीं है, तो चुप ही रहें। अमेरिकी न्यूज़ चैनल के मुताबिल ह्यूस्टन पुलिस के प्रमुख आर्ट एवेकेडो ने अमेरिका के मौजूदा हालात पर बात करते हुए साफ कहा, मैं अमेरिका के राष्ट्रपति को पूरे देश की पुलिस की तरफ से कह देना चाहता हूं कि अगर आपके पास कुछ ठोस कहने को नहीं है, तो अपना मुंह बंद रखें। एवेकेडो ने कहा कि आपके (डोनाल्ड ट्रंप) की वजह से आज देश के 20-21 साल के बच्चों की जिंदगी रिस्क पर आ गई है।

## फ्रांस ने भारत से किया वादा, राफेल की डिलीवरी पर नहीं पड़ेगा कोरोना का असर

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

कोविड-19 महामारी से का पूरी दुनिया में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। इसे देखते हुए संभावना जताई जा रही थी कि फ्रांस से मिलने वाले फाइटर प्लेन राफेल की डिलीवरी में भी देरी हो सकती है, लेकिन आज फ्रांस ने भारत से वादा किया है कि राफेल विमान तय समय पर ही भारत को सौंपे जाएंगे। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को



भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस के सशस्त्र बल के मंत्री फ्लोरेंस के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच कोरोना की स्थिति, क्षेत्रीय सुरक्षा के साथ-साथ भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए आपसी सहमति के मुद्दों पर चर्चा हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हमने इस महामारी से लड़ने में भारत और फ्रांस के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। फ्रांस ने महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद राफेल विमान की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

## कोरोना महामारी से लड़ने की बजाए भ्रष्टाचार में लिप्त हैं कांग्रेस के नेता, विधायक और अफसर : अश्वनी शर्मा

**डेली संवाद, चंडीगढ़**

भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने कैप्टन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कोरोना महामारी के इस संकट काल में भी कांग्रेस के नेता, विधायक और अफसर भर्ष्टाचार में लिप्त रहे तथा पंजाब को माफ़िया राज़ के हवाले कर दिया। पंजाब के चीफ सैकटरी तथा मंत्रियों का विवाद पंजाब में पनप रहे शराब माफिया का ही परिणाम था। उन्होंने कहा कि भले ही इस विवाद को निपटाने का दावा किया जा रहा हो पर इसने साबित कर दिया कि मंत्री व अधिकारी ही पंजाब के ख़ज़ाने को करोड़ों की चपत लगा रहे हैं। आपस में समझोता करने से गम्भीर आरोपों की आँच कम नहीं होगी। शर्मा ने कहाकि इस प्रकरण से साफ़ जाहिर होता है कि प्रदेश की सत्ता चलाने में कांग्रेस बुरी तरह असफल साबित हुई है और शराब माफिया के दबाव में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीने में पंजाब में जिस तरह से माइनिंग घोटाला, पीपीई किट घोटाला तथा बीज घोटाला हुआ है, वह दर्शाता है की सरकार का ध्यान कोरोना के खिलाफ लड़ाई की बजाये सिर्फ जनता के पैसे की लूट में था।




### पंजाब सरकार से यह पैकज की मांग

घरेलू, व्यापारिक अदारे ( दुकानें आदि ) तथा उद्योगों के तीन महीने के बिजली के बिल में 50 फीसदी कटौती की जाए।
उत्तर प्रदेश तथा कर्नाटक सरकार की तर्ज पर टेम्पू चालक, रिक्शा चालाक तथा रेहड़ी ङ्क फड़ी लगाने वालों के अकाउंट में पंजाब सरकार 5000 रूपए डाले ताकि वह अपने परिवार का पेट पाल सकें।
नाई, धोबी, बुनकर तथा कंस्ट्रक्शन मजदूरों के खाते में भी 5000 रूपए की एकमुश्त राशि दी जाये।
किसानों को अगली फसल के लिए अच्छी गुणवत्ता के बीज कृषि विज्ञानं केंद्रों के माध्यम से मुफत में उपलबध करवाए जाएं।
कर्नाटक तथा अन्य सरकारों की तर्ज पर सब्जी, फल एवं फूल उगाने वाले किसानों को कम कीमत मिलने पर हुए नुक्सान की भरपाई के लिए पंजाब सरकार उचित मुआवज़ा दे। इसके साथ ही बारिश के कारण जिन किसानों की फसल का नुक़सान हुआ था उन्हें तुरंत उचित मुआवजा दे।
सभी प्राइवेट स्कूलों को निर्देश दिए जाएं की वह न्यायलय के आदेश के अनुसार ही फीस वसूल करें।
उद्योगों में काम करने वाले मजदूरों को विशेषकर प्रवासी मजदूरों को तुरंत राशन एवं दवाईयां उपलब्ध करवाई जाएं ताकि पलायन रुक सके
हरियाणा की तर्ज पर निगमों, परिषदों, पंचायतों तथा इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की दुकानों का तीन महीने का किराया तुरंत माफ़ किया जाए।

पंजाब सरकार की नाकाम अश्विनी शर्मा ने पंजाब सरकार की नाकामियों को गिनाते हुए कहा कि केंद्र से आये हुए अनाज को जरूरतमंदों तक पहुँचाने में पंजाब सरकार फेल हुई। राशन में हुई बन्दर बाँट तथा गरीब को किसी भी प्रकार की राहत न देने का ही परिणाम है कि लाखों की संख्या में प्रवासी मजदूर पंजाब को छोड़ के वापिस अपने स्थानों पर चले गए हैं, अभी भी जा रहे हैं। पंजाब की अर्थव्यवस्था की रीढ़ इन मजदूरों को आश्वस्त करने की बजाए कांग्रेस के नेता उन्हें जाने के लिए उकसाते रहे। कांग्रेस की इस नालायकी की कीमत पंजाब के उद्योगों और कृषि को आने वाले महीनो में चुकानी पड़ेगी। अश्वनी शर्मा ने पंजाब सरकार पर हर फ्रंट पर फेल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा नैशनल हैल्थ मिशन तथा डिजास्टर मैनेजमेंट फण्ड के तहत पर्याप्त फण्ड देने के बावजूद पंजाब में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं।







